एक्सप्रेस न्यूज

दलहन-तिलहन की रिकॉर्ड बुआई

नई दिल्ली। चालू खरीफ में 21 अगस्त तक फसलों की बुआई बढ़कर करीब 1163 लाख हेक्टेयर हो चुकी है। कृषि मंत्रालय के अनुसार दलहन-तिलहन की रिकार्ड बुआई हुई है, वहीं धान व गन्ना रोपाई के साथ मोटे अनाजों व कपास का रकबा भी बढ़ा है। मंत्रालय के अनुसार अभी तक बुआई 1062.93 लाख हेक्टेयर हो चुकी है, जो गत वर्ष समान अवधि में 979.15 लाख हेक्टेयर थी। दलहन बुआई गत वर्ष के 124.14 लाख से 6.77 फीसदी बढ़कर 132.56 लाख हेक्टेयर हो चुकी है, जबकि सामान्यतः 128.88 लाख हेक्टेयर बुआई होती है। तुवर की बुआई पिछले साल के 43.42 लाख की तुलना में 7.34 फीसदी बढ़कर 46.60 लाख हेक्टेयर हुई है।

येस बैंक ने अपना एएमसी कारोबार बेचा

मुंबई। निजी क्षेत्र के येस बैंक ने अपनी परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी एएमसी और वित्त पोषण मध्यस्थता क्षेत्र की इकाइयों को बेच दिया है। बैंक ने बताया कि उसने येस एसेट मैनेजमेंट इंडिया और येस ट्रस्टी लिमिटेड को बेचने के लिए जीपीएल फाइनेंस एंड इनवेस्टमेंट लिमिटेड के साथ पक्का करार किया है। येसएएमसी और वाईटीएल येस बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली इकाइयां थीं। उसने दोनों कंपनियों की अपनी शत-प्रतिशत हिस्सेदारी बेच दी है।

एक्सिस बैंक का जीआईजी ए ऑपर्च्यूनिटीज पेश

मुंबई। भारत के तीसरे सबसे बड़े प्राइवेट बैंक एक्सिस बैंक ने जीआईजी ए ऑपर्च्यूनिटीज लॉन्च किया। यह वैकल्पिक कार्य मॉडल्स के लिए एक प्लेटफॉर्म है, जो भारी लचीलेपन, विविधता और समावेशन को बढ़ावा देता है। इस महामारी के मद्देनजर सभी भौतिक अवरोधों से बाहर अपना स्वयं का कार्य परिवेश बनाने के प्रति लोगों का झुकाव तेजी से बढ़ा है। एक्सिस बैंक फाउंडेशन के चेयरमैन और टिस के चेयरमैन एस. रामोदरई ने कहा, एक्सिस बैंक का जीआईजी ए ऑपर्च्यूनिटीज ऐसा एकीकृत वर्क मॉडल एवं समाधान है जो नई प्रतिभाओं के बढ़ते पूल के लिए लचीलेपन एवं सरलता की आवश्यकता पूरी करते हुए बड़ी कंपनियों की विविधतापूर्ण कौशल आवश्यकताएं पूरी करता है। जैसा कि जीआईजी ए ऑपर्च्यूनिटीज के नाम से पता चलता है यह रोजगार बाजार में बड़े अवसरों के लिए है। इससे डिजिटल बैंकिंग, टेक्नोलॉजी, स्किल मॉडलिंग, वर्चुअल सेल्स, ऑडिट एवं क्रेडिट पॉलिसी में बड़ी संभावनाओं के द्वार खुलेंगे, जो कि इस मॉडल के पायलट ऑफर्स का पहला सेट है।

जम्पनेट व मॉस यूटिलिटी में साझेदारी

मुंबई। बीएसई सूचीबद्ध और एनएसई द्वारा ट्रेडेड जम्प नेटवर्क्स लिमिटेड जम्पनेट ने मॉस यूटिलिटी के साथ साझेदारी की है। जम्पनेट एक ऐसी प्रौद्योगिकी कंपनी है जो समाज के ऐतिहासिक रूप से अल्प संचालित सेक्शनों को अल्ट्रा लो बैंडविड्थ पर अगली पीढ़ी की डिजिटल सेवाएं प्रदान करती है। मॉस यूटिलिटी के साथ जम्पनेट निवेश के लिए तैयार है। जम्पनेट मॉस के सभी संचालनों को अपने प्रप्राइअटेरी ब्लॉकचेन प्लेटफॉर्म पर ले जाएगा। यह उम्मीद है कि जम्पनेट के लिए अगले 12 महीनों में 1000 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व उत्पन्न होगा। मॉस एक स्थापित फिनटेक कंपनी है जिसका पूरे भारत में एकीकृ त एजेंटों का एक मजबूत नेटवर्क है। जंप नेटवर्क्स के प्रबंध निदेशक, हर्षवर्धन सबाले ने कहा, मॉस जैसे फिनटेक पार्टनर के साथ हमारा ध्यान अब वित्तीय सेवाओं के हमारे स्पेक्ट्रम को नए बाजारों में और अधिक किफायती कीमतों पर ले जाने के साथ साथ अतिरिक्त सुविधा के लिए है।

नए व्यवसायिक क्षेत्रों से जुड़ेगी रतन इंडिया

मुम्बई। बीएसई व एनएसई में सूचीबद्ध, रतन इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर ने कहा कि रतन इंडिया ग्रुप व्यवसायिक कम्पनियों का एक समूह है और जिसकी रुचि पावर जेनरेशन और फाइनेंस में है। रतन इंफ्रा की कमेटी ने बताया कि हम अब नए व्यवसायों से जुड़ने और उनमें आगे कदम उठाने के लिए तैयार है। इन नए व्यवसायिक क्षेत्रों में सनराइज बिजनेस सेक्टर्स जैसे रास्ते शामिल हैं, जिन पर कर्ज कम हो या जिन्हें किसी कर्ज की आवश्यकता ही न पड़े। साथ ही कमेटी ने फिनटेक्स जैसे नए जमाने की व्यवसायिक संभावनाओं को तलाशने की भी अनुशंसा की। कम्पनी आगे क्राउडफंडिंग प्लेटफॉर्म्स जैसे फिनटेक अवसरों के साथ जुड़ने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इस प्रकार के प्लेटफॉर्म्स आंत्रप्रेन्योर और शुरुआती अवस्था के व्यवसायों को पूरी दुनिया से फंड जुटाने और अंतरराष्ट्रीय बाजारों व निवेशकों तक पहुंचने, ऑनलाइन इंवेस्टमेंट मैनेजमेंट सेवाओं की पेशकश करने वाले तरीकों जैसे मोबाइल पेमेंट्स, मोबाइल पेमेंट एप्लीकेशन्स तथा गेटवे, रोबो एडवाइजरी आदि से जुड़ने का अवसर देते है।

सैमसंग लेकर आया गैलेक्सी वॉच3

नई दिल्ली। स्मार्टफोन ब्रांड ने तेजी से बदलती दुनिया में उपभोक्ताओं को ज्यादा सक्षम बनाने के लिए गैलेक्सी वॉच3 और गैलेक्सी बड्स लाइव लॉन्च करने की घोषणा की। गैलेक्सी वॉच3 और गैलेक्सी बड्स लाइव आपकी जीवनशैली और रोजाना के कामकाज, खासतौर पर मौजूदा माहौल में को सुव्यवस्थित रखने के लिहाज से अत्यंत सुविधाजनक उत्पाद हैं। आपको पहले से ज्यादा सेहतमंद रहने, बेहतर तरीके से संवाद करने और आपके पास मौजूद टेक्नोलॉजी का अधिकतम इस्तेमाल करने में मदद करने के लिए दोनों उपकरण आसानी से गैलेक्सी के दूसरे डिवाइस के साथ जुड़ जाते हैं। सैमसंग इंडिया के मोबाइल बिजनेस में सीनियर वाइस प्रेसिडेंट मोहनदीप सिंह ने कहा, गैलेक्सी वॉच3 और गैलेक्सी बड्स लाइव गैलेक्सी इकोसिस्टम के नए शक्तिशाली सदस्य हैं। गैलेक्सी वॉच3, जो कि भारत में बनी हमारी पहली अग्रणी वॉच श्रृंखला है, सीधे आपकी कलाई पर एक शानदार डिजाइन, कई स्वास्थ्य संबंधी फीचर और उद्योग जगत में सर्वोत्कृष्ट कनेक्टिविटी उपलब्ध कराती है।

हार्ट फेल्यिर के नए उपचार को डीसीजीआई और यूएसएफडीए की मंजूरी

नई दिल्ली। हालही में ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया डीसीजीआई ने कम इजेक्शन अंश एचएफआरईएफ के साथ हार्ट फेल्यिर की स्थिति में रोगियों के इलाज के लिए एक दवा डेपाग्लिफ्लोजिन को मंजूरी दे दी है। यह श्रेणी में पहली एसजीएलटी 2 इनहिबिटर ड्रग है, जिसे एचएफआरईएफके उपचार के लिए अनुमोदित किया गया है। यह एचएफआरईएफ के रोगियों में कॉर्डियोवैस्कुलर डेथ और अस्पताल में भर्ती होने के जोखिम को कम करने वाली पहली दवा साबित हुई है। इससे पहले अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन यूएसएफडीए ने मई के महीने में इसे मंजूरी दी थी। सीएचएल अस्पताल में सीनियर इंटरवेंशनल कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉ गिरीश कावथेकर कहते हैं, भारत में कॉन्जेस्टिव हार्ट फेल्यिर का बोझ धीरे-धीरे बढ़ रहा है। शहरीकरण और जीवनशैली में बदलाव को भारत में हार्ट फेल्यिर का जोखिम बढ़ाने की वजहों के पीछे जिम्मेदार माना जाता है। अस्पताल में भर्ती और संबंधित खर्चों को कम करने के लिए जन जागरूकता और उचित इलाज की जरूरत होती है।

यूनियन बैंक को जून तिमाही में 341 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने जून 2020 में समाप्त चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 340.95 करोड़ रुपए का एकीकृत शुद्ध लाभ अर्जित किया है। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 230.12 करोड़ रुपए रहा था। यूनियन बैंक ने कहा कि इन आंकड़ों की तुलना जून, 2019 को समाप्त तिमाही के आंकड़ों से नहीं की जा सकती। जून, 2020 को समाप्त तिमाही के आंकड़े यूनियन बैंक के विलय के बाद के हैं। आंध्रा बैंक और कॉरपोरेशन बैंक का यूनियन बैंक में विलय एक अप्रैल 2020 से प्रभाव में आया है। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में बैंक ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी एकीकृत कुल आय 20487.01 करोड़ रुपए रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 10053.68 करोड़ रुपए रही थी।

बाजार समीक्षा | सोयाबीन बुआई बढ़ी मौसम की अनुकूलता से फसल को लाभ

सोया पैदावार 31.58 फीसदी बढ़ने की आशा

इंदौर। सोयाबीन प्रोसेसर्स एसोसिएशन (सोपा) ने बुआई बढ़ने के साथ उत्पादक राज्यों में अच्छी बारिश से सोयाबीन उत्पादन 31.58 फीसदी बढ़कर 122.47 लाख टन होने का अनुमान जताया है। जबकि पिछले साल इसका उत्पादन मात्र 93.06 लाख टन हुआ था।

सोपा के कार्यकारी निदेशक डीएन पाठक द्वारा जारी आरंभिक अनुमान के अनुसार चालू खरीफमें बुआई बढ़ने साथ ही मानसूनी सीजन में सोया उत्पादक राज्यों में अभी तक बारिश भी अच्छी हुई है, जिससे प्रति हेक्टेयर उत्पादकता गत वर्ष के औसत 865 किलो प्रति हेक्टेयर की की तुलना में बढ़कर 1052 किलो आने का आरंभिक अनुमान है। सोपा के अनुसार प्रमुख उत्पादक राज्य मध्यप्रदेश में सोया उत्पादन बढ़कर चालू खरीफमें 58.53 लाख टन होने का अनुमान है, जबकि पिछले साल 40.10 लाख टन हुआ था। महाराष्ट्र और राजस्थान में

चालू खरीफमें उत्पादन बढ़कर क्रमशः 45.13 और 10.57 लाख टन का अनुमान है, जबकि पिछले साल इन राज्यों में क्रमशः 39.41 और 6.56 लाख टन हुआ था। अन्य उत्पादक राज्यों कर्नाटक, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और गुजरात में भी सोयाबीन उत्पादन पिछले साल की तुलना में ज्यादा होने का अनुमान है। उद्योग के अनुसार उत्पादक क्षेत्रों में पिछले साल का बकाया स्टॉक ज्यादा है। आगे मौसम अनुकूल रहा तो सितंबर के अंत में नई आवक शुरू हो जायेगी। जिससे अक्टूबर में सोयाबीन में मंदा संभव है।

कपास्या खली में उछाल, सोया व पाम तेल में तेजी

इंदौर। कपास्या खली में लोकल व दिसावरी मांग बेहतर होने तथा वर्तमान में आपूर्ति में कमी के चलते कीमतों में भारी तेजी का रुख देखा जा रहा है। दाम बढ़कर प्रति 40 किलो के सौदों में इंदौर 1475, देवास-उज्जैन 1475-1480, खंडवा 1450 रु व अकोला प्रति क्विंटल 2060 रु थी। शुक्रवार को मलेशिया पाम तेल वायदा 667.50 डॉलर प्रतिटन था। केएलसीई 59 रिंगिट ऊंची बंद हुई। शिकागो सोया तेल वायदा रनिंग में 2 सेंट नीचा चल रहा था। गत रात्रि को 47 सेंट ऊंचा बंद हुआ था। घरेलू बाजार में खाद्य तेल प्रति 10 किलो सोया रिफाइंड 860-862, साल्वेंट 810-815 मुंबई रिफाइंड 867, मूंगफली तेल 1240-1260, मुंबई 1250, गुजरात 1225, राजकोट तेलिया टीन 1930, मुंबई पाम तेल 825, इंदौर 865, कपास्या तेल इंदौर, महाराष्ट्र 835, गुजरात 842 रु था। सोया तेल कांडला 860, अलवर 875, कोटा 880, धुलिया 865, अकोला 876 रु था। सोयाबीन प्लांट डिलीवरी सौदों में रूचि सोया 3850, बेतूल ऑइल 3950, धानुका 3825, अवि उज्जैन 3775, बंसल भोपाल 3825, इटारसी 3835, सांवरिया 3800, गुजरात अंबुजा 3725, एमएस नीमच 3750 रु था।

गेहूं के दाम 20 दिन में 300 रु क्विंटल से अधिक गिरे

इंदौर। देश में इस साल बंपर उत्पादन एवं खाद्य निगम के पास भारी भरकम स्टॉक से कीमतों में भारी मंदी देखी जा रही है। आटा मिलों की मांग कम होने से मंदी के चलते विगत 20 दिनों में मिल क्वालिटी गेहूं के दाम 300-320 रु क्विंटल गिर चुके है। मिल डिलीवरी सौदों में गेहूं इंदौर, देवास, पीथमपुर 1750-1825, जलगांव, अमलनेर, धुलिया 1820, नगर, औरंगाबाद 1880, पुणे 1920, हैदरा बाद 1950, बैंगलुरु 2000 रुपए के थे। मक्का डिलीवरी सौदों में इंदौर 1350, बदनावर 1300, घाटा बिल्लौद 1360 रु क्विंटल थी।

पश्चिम रेलवे महाप्रबंधक ने किया फिट इंडिया फ्रीडम रन का शुभारंभ

मुंबई। भारतीय रेलवे की पहल पर पश्चिम रेलवे द्वारा फिट इंडिया फ्रीडम रन अभियान की शुरुआत की गई है। भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय के निर्देशन में शुरू किए गए इस अभियान को पूरी भारतीय रेलवे द्वारा चलाने का निर्णय लिया गया है। 74वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त 2020 से शुरू हुए इस अभियान को महात्मा गांधी की 151वीं जयंती के उपलक्ष्य में 2 अक्टूबर 2020 तक चलाया जायेगा। पश्चिम रेलवे द्वारा इस अभियान को पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक आलोक कंसल द्वारा शुरू किया गया। इस अभियान का नेतृत्व करते हुए महाप्रबंधक ने अपने निवास स्थान अल्टामाउंट रोड से चर्नी रोड स्टेशन के सामने गिरगांव चौपाटी तक पांच किमी की पैदल यात्रा कर इस फिटनेस पहल की शुरुआत की। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सुमित ठाकुर के अनुसार महाप्रबंधक ने सभी रेलकर्मियों तथा उनके परिवार के सदस्यों से इस अवसर पर खुले दिल से इस अभियान में सहभागिता करने की अपील की। उन्होंने गतिहीन जीवन शैली से जुड़ी स्वास्थ्य सम्बंधी समस्याओं से निपटने के लिए दैनिक आधार पर व्यायाम तथा शारीरिक क्रियाकलापों को प्रत्येक व्यक्ति को सुनिश्चित करने हेतु प्रोत्साहित कर आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है जिससे नव परिवर्तन तथा नये विचार उत्पन्न होते हैं, जो आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए आवश्यक हैं। इस पहल की यह अनूठी विशेषता है कि कोई भी व्यक्ति कहीं भी अपनी सुविधानुसार चल या दौड़ सकता है। इस अभियान के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति अपनी स्वास्थ्य स्थिति और शारीरिक क्षमता एवं सुविधा के अनुसार अपनी पसंद की लोकेशन और समय को चुन सकता है।

नारियल व साबूदाना में गिरावट

इंदौर। कमजोर मांग के बीच शुक्रवार को नारियल एवं साबूदाना की कीमतों में गिरावट दर्ज हुई। शकर का उठाव कम होने से दाम पूर्वस्तर पर सामान्य बताए गए। स्थानीय बाजार में शकर की आवक मात्र 8 गाड़ी दर्ज हुई, जो 3450-3500 रु के भाव पूर्ववत थी। कालीमिर्च कालामोती 340, गणेश 384, मटरदाना 404 रुपए किलो था। जीरा पंजा 158, खुशबू 160 रु पर स्थिर था। नारियल में मांग घटने से दाम घटकर 120 भर्ती 1950-2000, 160 भर्ती 2500, 200 भर्ती 2800-2900, 250 भर्ती 3000 रु थे। खोपरा गोला 118-133, खोपरा बूरा प्रति 15 किलो2500-3500 साबूदाना एवरेज क्वालिटी 4450-5000, वरलक्ष्मी 5500, एक किलो पैकिंग 6300, आधा किलो पैकिंग 6360 ग्लास 5500-5850, सोल्जर 4800 रुपए क्विंटल था।

फसल बिगड़ने से उड़द में तेजी

इंदौर। मौसम की प्रतिकूलता से उडद फसल को भारी नुकसानी की आशंका है। इसके चलते कीमतों में तेजी को बल मिल रहा है। तुवर में तेजी के चलते दाल मजबूत थी।

मंडी में चना कांटा 4500-4525, डॉलर चना 4800-6400 निर्यात में 42-44 काउंट 6950, 44-46 काउंट 6700, 58-60 काउंट 6300, मसूर 5400-5425, मूंग बेस्ट 6300-6500, सुपर 6600-6700, एवरेज 5500-6000, उड़द बेस्ट 6000-6200, एवरेज 4000-5500, तुवर लोकल 5500-5700, कर्नाटक 6150, महाराष्ट्र 5950-6000 था। दालों में कमजोर मांग के

बावजूद तुवर दाल में नए सिरे से 50 रु क्विंटल की तेजी रही। भाव-चनादाल 5450-5950, तुवरदाल 7850-8750, मसूरदाल 6800-7200 मूंगदाल 7300-7800, मोगर 8500-9200, उडद दाल 7600-8200, मोगर 8500-9100 रु।

सोना और घटा, चांदी सुधरी

इंदौर। शुक्रवार को सोना-चांदी की वैश्विक कीमतों में गिरावट देखी गई। विश्व बाजार में सोना ऊंचे में 1952, नीचे में 1908.6 डॉलर पर तथा चांदी ऊंचे में 2753, नीचे में 2597 सेंट प्रतिऔंस के दायरे में थे। इंदौर सराफा में गुरुवार की तुलना में सोना नगदी में 75 रु गिरकर 52225 रु प्रति 10 ग्राम था, वहीं चांदी नगदी में 350 रु बढ़कर 60550 रु रह गई। कारोबार के दौरान सोना ऊंचे में 52350, नीचे में 51900, चांदी ऊंचे में 61000, नीचे में 60100 रु पर देखी गई। इंदौर में आरटीजीएस सोना 53791 रु व चांदी 62366 रु थी। इंदौर चांदी सिक्का प्रतिनग 725 रु बताया गया।

रतलाम सराफा- सोना लोकल 52000 रु एवं चांदी लोकल 60300 रु टैक्स अलग के भाव बताई गई।

उज्जैन सराफा- सोना 10 ग्राम 52350 रु, चांदी 60700 रु (टैक्स अलग) चांदी सिक्का 725 रु रहा।

CORRIGENDUM TO THE LETTER OF OFFER WITH RESPECT TO THE OPEN OFFER TO THE PUBLIC SHAREHOLDERS OF BERYL SECURITIES LIMITED ("TARGET COMPANY")
(Registered Office: 133, Ground Floor, Kanchan Bagh, Indore - 452001, Madhya Pradesh; Tel: +91 0731-2517677; Fax No.:+91731 2517677;Website: www.berylsecurities.in)

This Corrigendum (the **"Corrigendum"**) to the Letter of Offer (**"LOF"**) dated August 12, 2020 is being issued by **First Overseas Capital Limited (**"**Manager to the Offer"** or **"FOCL"**), for and on behalf of Mrs. Sangita Sethi (Acquirer 1), Mr. Sanjay B Sethi HUF (Acquirer 2), Mr. Sanjay Sethi (Acquirer 3), Mr. Sudhir B Sethi HUF (Acquirer 4), Mr. Sudhir B Sethi (Acquirer 5), Mr. Babulal Sethi (Acquirer 6), Mr. Babulal Sethi HUF (Acquirer 7), Mrs. Soniya Sethi (Acquirer 8), Mr. Sohil Sethi (Acquirer 9) and Mrs. Tara Sethi (Acquirer 10) (Hereinafter collectively referred to as **"The Acquirers"**) pursuant and compliance with Regulation 21 of the Securities and Exchange Board of India (Substantial Acquisition of Shares and Takeover) Regulations, 2011, as amended from time to time (**"SEBI (SAST) Regulations, 2011"**) in respect of Open Offer (**"Offer"**) to acquire upto 12,60,922 (Twelve Lakhs Sixty Thousand Nine Hundred and Twenty Two Only) fully paid-up equity shares of face value of Rs. 10 each (**"Equity Shares"**) representing 26.00% of the fully diluted voting equity share capital of the Beryl Securities Limited (**"Target Company"**) and under Regulations 3(1) and 3(3) and other applicable provisions of SEBI (SAST) Regulations, 2011.

This Corrigendum is to be read in continuation of, and in conjunction with the LOF. Capitalized terms used in this Corrigendum and not defined herein, shall have the same meaning as ascribed to such terms in the LOF.

The Public Shareholders of Beryl Securities Limited (Target Company) are requested to make a note on the process relating to settlement of payment consideration and interest payment to them:

a) The Offer Price of Rs. 10.94 (Rupees Ten and Ninety Four Paisa Only) per Equity Share shall be payable to all the Public Shareholders whose Equity Shares (In physical and/or dematerialized form) have been validly tendered and accepted in the open offer till September 17, 2020 (being the last date of payment of consideration to the shareholders under the present open offer) through the Stock Exchange Platform.

b) The interest portion of Rs. 7.79 (Rupees Seven and Seventy Nine paisa Only) per Equity Share shall be payable to all the Public Shareholders in respect of Equity Shares (In physical and/or dematerialized form) held by them in the Target Company as on the trigger date (had the Acquirers made the PA on May 17, 2013) and which are continued to be held as on date and whose shares have been validly tendered and accepted in the open offer till September 17, 2020 (being the last date of payment of consideration to the shareholders under the present open offer). This Interest portion shall be directly paid by the Acquirers after reconciling the necessary data from the Registrar to the Open Offer- Adroit Corporate Services Private Limited and in consultation with Manager to the Open Offer- First Overseas Capital Limited through the Escrow Account and Offer Special Escrow Account opened with Axis Bank Limited, Geeta Bhawan Square branch.

c) In point 6.2.2, the words "with joint authority between First Overseas Capital Ltd., the Manager to the Offer and Acquirer 5 to operate the account" should be read as "and authorizing First Overseas Capital Ltd., the Manager to the Offer to operate the account."

A copy of this Corrigendum has been sent to all designated stock exchange on which the shares of the Target Company are listed, viz., BSE Limited (BSE), to SEBI and the Target Company in accordance with the SEBI (SAST) Regulations, and is being issued in all the newspapers in which the Detailed Public Announcement (**"DPS"**) was published.

The Acquirers accept full responsibility for the information contained in this Corrigendum to LOF and also for the fulfillment of the obligations of the Acquirers laid down in the Regulations, as amended from to time to time.

A copy of this Corrigendum to LOF will be available at on the SEBI's website- www.sebi.gov.in, BSE's website- www.bseindia.com, Manager to the Offer's website - www.focl.in, Target Company's website- www.berylsecurities.in and RTA`s website- www.adroitcorporate.com.

ISSUED BY MANAGER TO THE OFFER FOR AND ON BEHALF OF THE ACQUIRERS
FIRST OVERSEAS CAPITAL LIMITED
Address: 1-2 Bhupen Chambers, Ground Floor, Dalal Street, Mumbai-400 001
Tel. No.: +91 22 40509999
Email: satish@focl.in/ mala@focl.in
Investor Grievance Email: investorcomplaints@focl.in
Website: www.focl.in
Contact Person: Mr. Satish Sheth/ Ms. Mala Soneji
SEBI Registration No.: INM000003671

Place: Indore
Date: August 21, 2020

ADITYA BIRLA CAPITAL
PROTECTING INVENSTING FINANCING ADVISING
आदित्य बिरला हाऊसिंग फायनान्स लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : इंडियन रेयॉन कंपाऊंड, वेरावल, गुजरात 362 266
शाखा कार्यालय : 101-102, पहली मंजिल, शीव ओम बिल्डींग, 578 एम.जी.रोड, इंदौर (एम.पी.) - 452001

कब्जा सुचना परिशिष्टी IV
सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(1)

जबकी,अधोहस्ताक्षरकर्ता, आदित्य बिरला हाऊसिंग फायनान्स लिमिटेड, शाखा कार्यालय 101-102, पहली मंजिल, शीव ओम बिल्डींग, 578 एम.जी. रोड इंदौर - 452001, के प्राधिकृत अधिकारी होते हुये वित्तीय आस्तियों का प्रतिभुतिकरण एवं पुनगठित और प्रतिभुति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (12) तथा सुरक्षा हित (2002 कायदा 54) नियम, 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके ऋणकर्ता उषा राजहंस और सह-ऋणकर्ता रविंदर राजहंस को दिनांक 28-01-2020 को एक माँग सूचना जारी की गई थी, उपरोक्त नोटिस में दर्शाई राशि रु. 18,13,152/- (रुपये अठारह लाख तेरह हजार एकसौ बावन मात्र) और रु. 45,466/- (रुपये पैतालीस हजार चारसौ छियासठ मात्र) के भुगतान उपरोक्त नोटिस की प्राप्ति के 60 दिवस के भीतर करने हेतु बुलाया गया था।

ऋणकर्ता राशि का पुर्णभुगतान करने में असफल रहे है, इस सूचना व्दारा ऋणकर्ताओं एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रुप में यह सूचना दी जाती है कि सिक्यूरिटी इंट्रस्ट इंफोर्समेंट रुल्स, 2002 नियम के 8 के साथ सपठित कानून की धारा 13 की उप-धारा (4) के अंतर्गत उसको / उसकी प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए वर्ष 2020 के अगस्त के इस 20 वे दिवस को वर्णित संपत्ति पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने कब्जा कर लिया है।

ऋणकर्ताओं को विशेष रुप मे एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रुप में यह चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति के साथ कोई व्यवहार ना करें एवं संपत्ति के साथ कोई व्यवहार राशि रु. 18,13,152/- (रुपये अठारह लाख तेरह हजार एकसौ बावन मात्र) और रु. 45,466/- (रुपये पैतालीस हजार चारसौ छियासठ मात्र) एवं उस पर देय ब्याज के शुल्क के लिए आदित्य बिरला हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड के विषयांतर्गत होगा।

ऋणकर्ता के ध्यानार्थ अधिनियम की धारा 13 के अंतर्गत उप-धारा (8) के प्रावधानो के अंतर्गत, उपलब्ध समयसीमा में सुरक्षित संपत्तियों को वापस प्राप्त करने हेतु आमंत्रित किया जाता है।

अचल संपत्ती का विवरण

संपत्ती का सभी भाग और तुकडा समाविष्ट ''फ्लॅट नं. 601-ई, छठी मंजिल, निलगीरी अपार्टमेंट, ब्लॉक एफ, कालींदी मिड टाऊन, ग्राम देवगुराडिया, तहसिल और जिला इंदौर, मध्य प्रदेश - 452001.''

परिसीमा :
उत्तर : खुली जगह
दक्षिण : फ्लॅट नं. ई-607
पूरब : फ्लॅट नं. ई-602
पश्चिम : ब्लॉक - डी

दिनांक : 22-08-2020 **प्राधिकृत अधिकारी**
स्थान : इंदौर **आदित्य बिरला हाऊसिंग फायनान्स लिमिटेड**

सं 12023/2/2020-Admn.I
राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान
बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिर्का नई दिल्ली-110 067

रिक्ति सूचना-01/2020

एनआईएचएफडब्ल्यू एक स्वशासी संस्थान है, जो स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा वित्तपोषित किया जाता है एवं एक शीर्ष तकनीकी संस्थान है जो देश में शिक्षा एवं प्रशिक्षण, अनुसंधान एवं मूल्यांकन, सलाह, सुझाव एवं विशेषज्ञ सेवाओं के माध्यम से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यक्रम को प्रोन्नत करता है।
प्रतिनियुक्ति आधार पर निम्नलिखित पद के लिये भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं :

क्र.सं.	पद का नाम	वेतनमान	पदों की संख्या	नियुक्ति का माध्यम
1.	डिप्टी डायरेक्टर (एडमिन)	पे बैंड-3 रू. 15600-39100 ग्रेड पे रू. 7600 (पूर्व-संशोधित / पे लेवल-12)	01 (एक)	प्रतिनियुक्ति

इस विज्ञापन के हिंदी संस्करण एवं आवेदन प्रारूप सहित पूर्ण विवरण हेतु, कृपया संस्थान की वेबसाइट **"www.nihfw.org"** पर विजिट करें। पूर्ण आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 24.09.2020 है।

davp 17153/11/0005/2021 **निदेशक**

न्यायालय कलेक्टर जिला खरगोन (म.प्र.)
प्रकरण क्रमांक-937/बाचक-1/2020, खरगोन, दिनांक- 06/08/2020
// प्रेस विज्ञप्ति //
प्रति, 1- जालमसिंह चौहान पिता किशनसिंह चौहान (मूल ऋणी)
2- श्रीमती सुरता चौहान (सह ऋणी)
निवासी म. नं. 11/1, नगीन नगर, सिरपुर इंदौर, जिला इंदौर

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक एस्पायर होम फायनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड तर्फे प्राधिकृत अधिकारी, शाखा प्रबंधक इंदौर, ऑफिस नं. 414, चौथी मंजिल शेखर सेंट्रल न्यू प्लासिया मनोरमागंज इंदौर द्वारा सरफेयसी एक्ट-2002 की धारा-14 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर आपके द्वारा बैंक से लिये गये हाउसिंग ऋण का भुगतान नहीं किये जाने के कारण बैंक में बंधक प्रापर्टी का कब्जा दिलाये जाने हेतु निवेदन किया है.

आपको अपना पक्ष रखने हेतु निर्धारित पते पर सूचना पत्र भेजे गये हैं किन्तु उक्त सूचना पत्र अदम तामिली के प्राप्त हुए है. इस न्यायालय में आपके विरूद्ध सरफेयसी एक्ट-2002 के अंतर्गत प्रचलित प्रकरण में आप अपना पक्ष रखना चाहते हैं तो प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 25/08/2020 को समय दोपहर 03.00 बजे उपस्थित रहें. आपकी अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी. जिसके उत्तरदायी आप स्वयं होंगे.

-कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार-

स्वाक्षरी/-
कार्यपालिका दण्डाधिकारी
वास्ते-जिला दण्डाधिकारी,
खरगोन (म.प्र.)

पश्चिम रेलवे
ई-खरीदी निविदा सूचना सं. एस/17/2020 दिनांक 20.08.2020

स.क्रं.	सामग्री का संक्षिप्त विवरण	मात्रा	टी.ओ.डी.
457	पुश टाईप फ्लशिंग वाल्व एज पर कोल-III	6083 नं.	07.09.2020
458	रेडिएशन प्रोटेक्शन लेड फ्री एप्रन	8 नं.	07.09.2020
459	थिन वाल्ड ई.बीम केबल ऑफ वेरीयस साईज	179808 मी.	09.09.2020
460	साईड बफर अरेंजमेंट विथ फेस प्लेट	172 नं.	11.09.2020
461	कंट्रोल एआरएम लोअर लेफ्ट	341 नं.	11.09.2020
462	पीओएच किट फॉर एम-12/आर-01/पीएएन-01	61 नं.	11.09.2020
463	लिक्विफाईड पेट्रोलियम गैस	40565 किग्रा	14.09.2020
464	क्रैश वर्थी फैन गार्ड एसली.	4686 नं.	14.09.2020
465	रिले क्यूटीए2 डीसी 2एफ-1बी	958 नं.	14.09.2020
466	आरटीवी सिलिकॉन रबर कंपाउंड सिंगल कंपोनेंट	15048 नं.	14.09.2020
467	डीजल फॉर्कलिफ्ट ट्रक कैप-6 टन्स	1 नं.	14.09.2020
468	सेट ऑफ डैम्पर्स	12 सेट्स	14.09.2020
469	गीयर केस असेम्बली.	480 नं.	14.09.2020
470	कास्ट स्टील बोलस्टर विथ लाईनर फॉर कैसनब 22एचएस वोगी	35 नं.	14.09.2020
471	ग्रीज ग्रेफाईट	140096 किग्रा	14.09.2020
472	कैटल गार्ड	86 नं.	15.09.2020
473	ट्राई प्लेट पैनल	64 सेट्स	15.09.2020
474	सेट ऑफ इक्वालाईजर	40 सेट्स	16.09.2020
475	मोडीफाईड ब्रश होल्डर